दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 26 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 01

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंजाब के गुरदासपुर में बड़ी घटना : घरेलू हिंसा के बाद दो बच्चों के साथ मां ने निगला जहर, तीनों की मौत

**डेरा बाबा नानक (आरएनएस)।** पंजाब के गुरदासपुर पर इलाके डेरा बाबा नानक में एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां जोडिय़ां कला गांव में एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। ये शव एक मां और दो बच्चों के हैं। इनमें 16 साल की बेटी और 6 महीने का बेटा शामिल है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल बटाला भेज दिया। इस घटना से पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया है। ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर डॉ. साहिल ने बताया कि तीन शव मिले है जिनमें एक मां और उसकी 16 साल की बेटी और 6 महीने के बेटा है। सूत्रों के मुताबिक, परिवार की मौत कोई जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि घेरलू झड़प के दौरान मां ने अपने बच्चों के साथ जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान नवनीत कौर और बच्चों नमनदीप कौर और नवराज सिंह के रूप में हुई है।

### चीन ने महासागर में भयानक मिसाइल का किया परीक्षण, अमेरिका सहित इन देशों के लिए पैदा हो सकता है खतरा

**बीजिंग ।** चीन ने प्रशांत महासागर में एक अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का परीक्षण किया है। इसकी जानकारी चीन ने बुधवार को दी है। चीन की यह अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल अमेरिका , ताइवान और जापान के लिए खतरा पैदा कर सकती है। रिपोर्ट के अनुसार डमी हथियार ले जाने वाली इस मिसाइल को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के रॉकेट फोर्स ने दागा था। मिसाइल को प्रशांत महासागर के ऊंचे समुद्र में गिरा दिया गया। चीन ने बताया है कि ये मिसाइल टेस्ट देश की वार्षिक प्रशिक्षण योजना का हिस्सा था। इसे किसी विशेष देश या लक्ष्य की ओर लक्षित नहीं किया गया था। चीन के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, मिसाइल टेस्ट ने हथियार प्रदर्शन और सैन्य प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का परीक्षण किया और अपने लक्ष्यों को हासिल किया है। खास बात ये भी है कि चीन ने 1989 के बाद पहली बार आईसीबीएम का सफलतापूर्वक वायुमंडलीय परीक्षण की जानकारी दी है। चीनी आईसीबीएम का पहला परीक्षण मई 1980 में हुआ था और तब से चीन के अधिकांश परमाणु हथियार परीक्षण भूमिगत रूप से किए गए हैं।

**चीन के पास 500+ परमाणु हथियार** रॉयटर्स के मुताबिक, चीन के पास 500 से अधिक परमाणु हथियार हैं। इनमें से 350 के करीब आईसीबीएम हैं। संभावना जताई गई है कि चीन के पास 2030 तक 1000 से अधिक परमाणु हथियार होंगे। पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चीन की सेना भूमि आधारित आईसीबीएम के लिए सैकड़ों गुप्त मिसाइलो का निर्माण कर रही है।

# मध्य प्रदेश के दमोह में ट्रक-ऑटो की टक्कर में अब तक 9 लोगों की मौत

**दमोह । आरएनएस**



मध्य प्रदेश के दमोह जिला अंतर्गत दमोह-कटनी स्टेट हाईवे पर ट्रक और ऑटो के बीच भीषण टक्कर में 9 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 4 बच्चे, 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज जबलपुर मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। जबकि, इलाज के दौरान एक बच्चे ने बुधवार को दम तोड़ दिया।

मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रेक ने सवारियों से भरी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सात लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को मौत का आंकड़ा 7 से बढक़र 9 हो चुका है।

बताया जा रहा है कि ऑटो में 10 यात्री सवार थे। सभी लोग बांदकपुर धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी बीच शराब के नशे में धुत ट्रक डाइवर ने ऑटो को टक्कर मार दी। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लगातार उससे पूछताछ कर रही है।

सभी मृतकों का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना को लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए सहायता राशि देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दमोह जिले अंतर्गत दमोह-कटनी स्टेट हाईवे पर ट्रक और ऑटो की टक्कर में कई अनमोल जिंदगियों की मृत्यु के दुखद समाचार से मन व्यथित है। इस भीषण सडक़ हादसे में लापरवाही करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने आगे लिखा, परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए एवं घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। दु:ख की इस घड़ी में हम सब शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।

## दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे ट्रक को मारी टक्कर, 7 की मौत-1 घायल

**अहमदाबाद । आरएनएस**



गुजरात में साबरकांठा जिले के हिम्मत नगर में आज सुबह एक बड़ा सडक़ हादसा हुआ है। जहां तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताजा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह हादसा कार चालक को नींद का झोंका आने की वजह से हुआ। फिलहाल पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कार में कुल 8 लोग सवार थे और शामलाजी से चलकर अहमदाबाद जा रहे थे। पुलिस ने घायल और मृतक की पहचान करने के बाद उनके परिजनों को सूचित कर दिया है। इसी के साथ मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह हादसा सुबह साढ़े 4 बजे के आसपास की बताई जा रही है. पुलिस के मुताबिक इस हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। अनुमान है कि हादसे के वक्त की स्पीड 120 किमी प्रतिघंटा से अधिक रही होगी। हादसे दौरान कार का अगला हिस्सा ट्रक में पीछे से अंदर घुस गया था। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से कार को काट कर शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक घटना की जानकारी ट्रक चालक ने ही पुलिस को दी है।

## गुजरात में हादसा या साजिश, ट्रैक के बीच खड़े किए पटरी के टुकड़े से टकराई ट्रेन

**गांधीनगर । आरएनएस**



गुजरात बोटाड में बुधवार को एक पैसेंजर ट्रेन पटरी के बीच में खड़ी की गई लोहे की पुरानी पटरी से टकरा गई। आशंका है कि इस किसी ने तोडफ़ोड़ की नीयत से लगाया था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।

जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद ट्रेन को कई घंटों तक वहीं रुकना पड़ा। बोटाद के पुलिस अधीक्षक किशोर बलोलिया ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा- बोटाद जिले के रानपुर पुलिस थाना क्षेत्र से गुजर रही ओखा-भावनगर पैसेंजर ट्रेन (19210) तडक़े करीब तीन बजे सीमेंट के स्लीपरों के बगल में पटरी पर रखे चार फुट लंबे पुराने रेल के टुकड़े से टकरा गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा- ट्रेन पटरी के बीच में खड़ी की गई लोहे की पटरी से टकरा गई। इसके बाद इसको कई घंटों तक वहीं रोक दिया गया। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की गई। यह घटना कुंडली रेलवे स्टेशन से करीब दो किलोमीटर दूर हुई। घटना की जांच कर रही पुलिस के अनुसार, यह तोडफ़ोड़ या नुकसान पहुंचाने की कोशिश का मामला लगता है, लेकिन जांच जारी है। यह घटना ऐसे वक्त में सामने आई है जब बीते सोमवार को ही सूरत जिले में तीन रेलवे कर्मचारियों को कथित तौर पर ट्रैक से छेड़छाड़ करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## मेक इन इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी बोले, हम सब मिलकर विकसित भारत बनाएंगे

**नई दिल्ली । आरएनएस**




मेक इन इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पिछले एक दशक से उन सभी लोगों के लगातार प्रयासों का परिणाम है, जो इसे सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हम मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। मैं उन सभी लोगों को बधाई देता हूं जो पिछले एक दशक से इस अभियान को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' हमारे देश को विनिर्माण और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा, यह उल्लेखनीय है कि विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात कैसे बढ़ा है, क्षमताएं निर्मित हुई हैं और इस प्रकार से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। भारत सरकार हर संभव तरीके से 'मेक इन इंडिया' को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुधारों में भारत की प्रगति भी जारी रहेगी। हम सब मिलकर एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे!

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने विनिर्माण में भारत की जबरदस्त क्षमता को उजागर किया है। आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के साथ, हमारा देश विनिर्माण में अग्रणी और निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिससे हमारे युवाओं के लिए अवसरों की दुनिया बन गई है।

बता दें कि मेक इन इंडिया अभियान का उद्देश्य भारत को विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है, ताकि रोजगार के नए अवसर पैदा हो और देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके। सरकार ने इस अभियान के तहत, स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कई नीतियां लागू की हैं। 25 सितंबर, 2014 को 'मेक इन इंडिया पहल शुरू की गई थी। यह 'वोकल फॉर लोकल पहल में से एक है जिसने देश के विनिर्माण क्षेत्र को दुनिया के सामने बढ़ावा दिया।

## इजरायल ने लेबनान पर किए हवाई हमले, 25 लोगों की मौत, 6 घायल

**बेरूत**



इजरायल ने लेबनान पर हवाई हमला किया है, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। लेबनान के सैन्य और चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इजरायली ने दक्षिणी लेबनान में घरों को निशाना बनाया है।

हवाई हमले में मरने वालों में 15 लेबनानी नागरिक थे, जबकि अन्य 10 सीरियाई थे।

सुबह के समय नमैरियेह गांव के मध्य में स्थित कई घरों पर इजरायल ने चार मिसाइलें दागीं हैं।

हवाई हमले के बाद, लेबनान रेड क्रॉस और नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया है।

सूत्रों ने बताया है कि घटना स्थल से बुलडोजरों और क्रेनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जिन का अधिकांश समय ध्वस्त मकानों का मलबा हटाने में लगा। इस दौरान मलबों से शवों को निकाला गया। जिनमें से अधिकांश क्षत-विक्षत अवस्था में थे।

सैन्य सूत्रों के अनुसार, इजऱायली युद्धक विमानों और ड्रोनों ने दक्षिणी लेबनान के गांवों और कस्बों पर 15 हमले किए तथा पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर 11 हमले किए।

हिजबुल्लाह के मीडिया रिलेशन विभाग ने एक बयान जारी कर चेतावनी दी कि जियोनिस्ट दुश्मन बेका क्षेत्र में बारकोड वाले पर्चे गिरा रहा है।

बयान में कहा गया है कि बारकोड को न खोलें और न ही साझा करें, इसे तुरंत नष्ट कर दें क्योंकि यह खतरनाक है। यह आपकी सारी जानकारी निकाल सकता है और आपकी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

लेबनान में यह ताजा हमले उस वक्त हुए हैं, जब इजरायल के सैन्य प्रमुख हजऱ्ी हलेवी ने दिन में लेबनान पर इजरायली हवाई हमले तेज करने की कसम खाई थी।

उन्होंने एक बयान में कहा, हिजबुल्लाह को आराम नहीं करने देना चाहिए और पूरी ताकत से हमें काम करते रहना चाहिए।

बता दें कि 8 अक्टूबर 2023 के बाद से हिजबुल्लाह और इजरायली सेना द्वारा लेबनान-इजरायल सीमा पर गोलीबारी की जा रही है। गाजा पट्टी में हमास और इजरायल के बीच युद्ध जारी रहने के कारण व्यापक संघर्ष की चिंता बढ़ गई है।

## गाजियाबाद : पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया

**गाजियाबाद । आरएनएस**

गाजियाबाद के थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार और बाइक बरामद की है।

मुठभेड़ के दौरान दो में से एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसके बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान पकड़ लिया गया। इन दोनों के खिलाफ अलग-अलग थानों में लूट और चोरी के कई मामले दर्ज हैं। बीते दिनों इन्होंने रेलवे स्टेशन रोड के पास से भी एक महिला से लूट की थी।

सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि विजयनगर जाने वाले रास्ते की तरफ पुलिस संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने नींबू पार्क के पास से अंधेरे की तरफ से बाइक पर सवार दो लोगों को आते देखा। जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह बाइक को मोडक़र भागने लगे।

पुलिस ने उनका पीछा किया तो बदमाशों ने उनपर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसी दौरान पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे को कांबिंग कर पकड़ लिया।

रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जिस बदमाश को गोली लगी है उसका नाम वसीम है और दूसरे का नाम कादिर है। वसीम और कादिर कोतवाली सिहानी गेट, विजयनगर और आसपास के इलाके में लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। कादिर पर दो मुकदमे और वसीम पर अलग-अलग थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि दोनों कई घटनाओं को कबूल कर लिया है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है।

# बेंगलुरु मर्डर केस में नया मोड़, ओडिशा में पेड़ से लटकी मिली कातिल की लाश, महालक्ष्मी को मारकर किए थे 59 टुकड़े

**बेंगलुरु**



महालक्ष्मी हत्याकांड में मुख्य संदिग्ध मुक्ति रंजन रॉय की पहचान पुलिस ने पहले ही कर ली थी. पुलिस सूत्रों का कहना है कि लेकिन वो आरोपी कत्ल के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसके चलते बेंगलुरु पुलिस ने कई राज्यों में उसकी तलाश शुरू कर दी थी. अब उसने ओडिशा में आत्महत्या कर ली है.

उड़ीसा के भद्रक इलाके में एक व्यक्ति की पेड़ से लटकी लाश मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान मुक्ति रंजन राय के रूप में की, जिसके पास से एक बैग, नोटबुक और स्कूटी बरामद हुई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रिपोर्ट के बाद लाश को परिवार को सौंप दिया.

सुसाइड नोट में मुक्ति रंजन ने कबूल किया कि उसने बैंगलोर में महालक्ष्मी नाम की एक महिला की हत्या की थी. इसके बाद, उसने शव के टुकड़े कर उन्हें फ्रिज में रखा था. बैंगलोर पुलिस द्वारा मुक्ति के भाई से पूछताछ के दौरान इस सुसाइड की जानकारी मिली, जिसके बाद बैंगलोर पुलिस ने उड़ीसा पुलिस से संपर्क कर मामले की पुष्टि की. उड़ीसा पुलिस के अनुसार, मुक्ति ने सुबह 5 से 5:30 बजे के बीच सुसाइड कर लिया था, जबकि बैंगलोर पुलिस उसकी लोकेशन ट्रैक कर रही थी और जल्द ही उसे पकड़ने वाली थी.

**सुसाइड नोट से बड़ा खुलासा-** जब पुलिस ने महालक्ष्मी हत्याकांड में मुख्य संदिग्ध मुक्ति रंजन रॉय की पहचान पुलिस ने पहले ही कर ली थी. पुलिस सूत्रों का कहना है कि लेकिन वो आरोपी कत्ल के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसके चलते बेंगलुरु पुलिस ने कई राज्यों में उसकी तलाश शुरू कर दी थी. अब उसने ओडिशा में आत्महत्या कर ली है. बताया जा रहा है कि उसकी लाश के पास से एक सुसाइड नोट मिला है. जिसमें मुक्ति रंजन रॉय ने हत्या की बात स्वीकार की है और कहा है कि उसने ये जुर्म करके गलती की है.

**बैग में डालकर लाश के टुकड़ों को ठिकाने लगाने की साजिश-** दरअसल, बेंगलुरु के व्यालीकवल इलाके में मौजूद तीन मंजिला घर की पहली मंजिल पर महालक्ष्मी रहा करती थी. महालक्ष्मी के कमरे से 21 सितंबर को फ्रिज और कमरे में बिखरे उसी की लाश के टुकड़े मिले थे. अंदेशा है कि महालक्ष्मी का क़त्ल करीब 19 दिन पहले हुआ था. महालक्ष्मी के कमरे में पुलिस को एक ट्रॉली बैग भी रखा मिला है. बेंगलुरु पुलिस सूत्रों के मुताबिक बहुत मुमकिन है कि कातिल ने लाश के टुकड़ों को उसी बैग में रख कर कहीं बाहर ठिकाने लगाने की साजिश रची थी. पर चूंकि ये इलाका काफी भीड़भाड़ वाला है, इसीलिए उसे लाश के टुकड़ों को ठिकाने लगाने का शायद मौक़ा नहीं मिला.

**कमरे में ही कत्ल के बाद किए गए लाश के टुकड़े-** कमरे की जांच पड़ताल के बाद पुलिस सूत्रों का ये भी मानना है कि क़त्ल उसी कमरे में हुआ और लाश के टुकड़े भी वहीं किए गए. क्योंकि जिस तरह कमरे से बैग में लाश के टुकड़ों को बाहर ले जाना आसान नहीं था, उसी तरह लाश को बाहर से कमरे तक लाना भी मुमकिन नहीं. क्राइम सीन के मुआयने के बाद पुलिस का ये भी कहना है कि क़त्ल और लाश के टुकड़े करने के बाद कमरे और बाथरूम को साफ करने की भी कोशिश की गई थी. पोस्टमार्टम के बाद टुकड़ों में जमा लाश को महालक्ष्मी के घर वालों को सौंप दिया गया. जिसके बाद बेंगलुरु में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया.

**कातिल के भाई तक पहुंची थी पुलिस-** अब सबसे बड़ा सवाल कि महालक्ष्मी का क़ातिल कौन है और क़त्ल की वजह क्या है? तो बेंगलुरु पुलिस सूत्रों की मानें तो उन्होंने महालक्ष्मी के क़ातिल को ढूंढ निकाला. इतना ही नहीं सूत्रों का ये भी दावा था कि जिस कातिल की उन्हें तलाश है, उसका परिवार भी मुंबई में रहता है. उसी क़ातिल के एक भाई तक बेंगलुरु पुलिस पहुंची. कातिल के भाई ने पुलिस को बताया कि महालक्ष्मी के क़त्ल के बाद उसके भाई ने खुद उसे ये बताया था कि उसने महालक्ष्मी की हत्या कर दी है.

**सीसीटीवी में कैद हैं कातिल की तस्वीरें-** कातिल के भाई की गवाही के अलावा कातिल के बारे में बेंगलुरु पुलिस को सीसीटीवी कैमरों से भी काफी अहम सबूत और सुराग़ मिले हैं. जिस व्यालीकवल इलाके में महालक्ष्मी रहा करती थी, उसके घर को आने और जाने वाले रास्तों पर कुछ जगह सीसीटीवी कैमरे लगे थे. उनके कैमरों में भी वो क़ातिल कैद हो चुका था. बेंगलुरु के पुलिस ने कमिश्नर ने खुद ये बात बताई कि पुलिस कातिल की शिनाख्त कर चुकी है और उसे पकड़ने के लिए देश के कई हिस्सों में पुलिस टीमें भेजी गई हैं.

**पहले हेमंत ने अशरफ पर लगाया था इल्जाम-** महालक्ष्मी के कत्ल के बाद उसके पति हेमंत दास ने शुरुआत में ये शक जताया था कि इस क़त्ल के पीछे उसका एक और दोस्त अशरफ शामिल हो सकता है. अशरफ भी एक हेयर ड्रेसर है और उत्तराखंड का रहने वाला है. सूत्रों के मुताबिक महालक्ष्मी के साथ अशरफ की भी करीबी दोस्ती थी. हेमंत दास ने तो अशरफ को लेकर ये भी इल्जाम लगाया कि अशरफ और महालक्ष्मी के बीच अफेयर था और उसी अफेयर की वजह से 9 महीने पहले वो और महालक्ष्मी अलग हो गए थे.